**06/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्तव्य भवन-3 को राष्ट्र को समर्पित करते हुए गर्व व्यक्त करते हुए इसे अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे का एक उदाहरण बताया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा, कर्तव्य भवन सरकार की प्रतिबद्धता और प्रत्येक व्यक्ति की सेवा के निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। और यह न केवल सरकारी नीतियों और योजनाओं को लोगों तक तेज़ी से पहुँचाने में मदद करेगा, बल्कि राष्ट्र के विकास को भी नई गति प्रदान करेगा। कर्तव्य भवन-3, सेंट्रल विस्टा के व्यापक परिवर्तन का एक हिस्सा है।

0000000000000000000000

बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण और अन्य मुद्दों पर विपक्षी दलों द्वारा आज संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही, जिसके कारण दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच, संसद ने समुद्री माल परिवहन विधेयक, 2025 को पारित कर दिया है, जिसे आज राज्यसभा ने भी मंजूरी दे दी। यह विधेयक लोकसभा द्वारा पहले ही पारित किया जा चुका है जो विधेयक भारतीय समुद्री माल परिवहन अधिनियम, 1925 का स्थान लेगा।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के पूर्व संध्या पर इस पारंपरिक कला का संरक्षण और संवर्धन कर रहे हैं राज्य के सभी बुनकरों, कारीगरों और उद्‌यमियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने इस खूबसूरत विरासत की संरक्षक, मेहनती अरुणाचली बहनों की विशेष सराहना की, जिनके कौशल और समर्पण पारंपरिक वस्त्रों को जीवित रखे हुए है। अपने संदेश में, राज्यपाल ने आग्रह किया कि हमें अपनी पूर्वजों द्‌वारा दी गई विरासत को संरक्षित करने के लिए सचेत प्रयास करें ताकी हम आत्मनिर्भर भारत के अपने सामूहिक दृष्टिकोण का सम्मान कर आगे बढ़ते रहे।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने काबाक यानो को अफ्रीका की सबसे ऊँची चोटी और दुनिया की प्रसिद्ध सात चोटियों में से एक, माउंट किलिमंजारो पर सफलतापूर्वक चढ़ने पर बधाई दी है। राज्यपाल ने पिछले 28 जुलाई को सुश्री यानो के अभियान को हरी झंडी दिखाई थी। राज्यपाल ने कहा कि सुश्री यानो की यह उपलब्धि सभी के लिए, विशेषकर अरुणाचल प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सुश्री यानो अफ्रीकी समयानुसार सोमवार को सुबह 10 बजकर सत्ताईस मिनट पर माउंट किलिमंजारो की चोटी पर पहुँचीं।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडु ने डॉ. ज़ींग मेसार को इंडियन रेवेन्यु सेर्विस (इंकम टेक्स) में एवं बुलो मांकू को प्रतिष्ठित इंडियन फ़ॉरेन सेर्विस में

नियुक्ति मिलने पर बधाई दी है। एक सोशल मिडिया पोस्ट में श्री खांडु ने कहा कि, उनकी यह उपलब्धि सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि राज्य के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं।

0000000000000000000000

भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप, तवांग के प्रभारी उपायुक्त  सांगेय नोरबू ने आज तवांग जिले में हर घर तिरंगा अभियान के आयोजन के समन्वय और निगरानी हेतु एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप देने और समाज के सभी वर्गों भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। दिशानिर्देशों के अनुसार, हर घर तिरंगा समारोह तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। इस बीच, डीडीएसई, तवांग ने सभी भाग लेने वाले स्कूलों के प्रिंसिपल्स को छात्रों को सक्रिय रूप से शामिल करने और अभियान की सफलता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

0000000000000000000000

आईसीएआर-राष्ट्रीय याक अनुसंधान केंद्र, दिरांग द्वारा पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग, तवांग एवं भारतीय सेना के सहयोग से बैसाखी ब्रिगेड के तत्वावधान में संयुक्त रूप से आज तवांग ज़िले के मागो में याक पालकों के लाभ के लिए एक किसान जागरूकता सह प्रौद्योगिकी प्रदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कुल 125 ब्रोकपा याक पालकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया एवं लाभान्वित हुए।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 13 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, पाके केसांग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, क्रा दादी, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, शी योमी, सियांग, वेस्ट सियांग, आंजाव और नामसाई के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले चौबीस घंटों में अलग अलग स्थानों में गरज के साथ बिजली गिरने और तज बारिश होने की संभावना है।

0000000000000000000000

सियांग जिला उपायुक्त पी.एन. थुंगन ने कल सियोम रीवर राफ्टिंग और सफाई अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य सरकार के युवा मामलों के विभाग, द्वारा काबोस एडवेंचर के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं में साहसिक खेलों और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस अभियान में कुल 50 लोगों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

झारखंड में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए एक ऐतिहासिक अध्ययन की विश्व स्वास्थ्य संगठन ने टीबी के देखभाल हेतु एक आदर्श के रूप में प्रशंसा की है। 2023 में द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित, RATIONS अध्ययन में पाया गया कि टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने से उपचार के परिणामों में

उल्लेखनीय सुधार हुआ और मृत्यु दर में कमी आई। अध्ययन के अनुसार, जिन रोगियों को खाद्य राशन मिला, उनमें मानक देखभाल प्राप्त करने वालों की तुलना में बेहतर स्वास्थ्य लाभ और जीवित रहने की दर देखी गई।

0000000000000000000000